# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Vijay Diwas celebrated at CUH

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 17-12-2022**

# वीरों के बलिदान को किया याद



हकेंविवि में वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करतीं प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व अन्य। संवाद

**महेंद्रगढ़।** 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की वर्षगांठ उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्यावीरता स्थल पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया और विद्यार्थियों व शोधार्थियों को देश हित में अपने कर्तव्यों के निवर्हन हेतु प्रेरित किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणाम स्वरूप ही बंगलादेश बना। उन्होंने इस जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के बलिदान का याद किया और नमन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के शौर्य और बलिदान को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि हम उनके सदैव आभारी हैं। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नंद किशोर, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. रेनु यादव, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. आरती यादव, डॉ. शाहजहां सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी व शोधार्थी उपस्थित रहे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 17-12-2022**

# सेना के वीर सपूतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए

**महेंद्रगढ़** | 16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय के उपलक्ष्य में हकेवि में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्यावीरता स्थल पर विश्वविद्यालय की



प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया और विद्यार्थियों व शोधार्थियों को देश हित में अपने कर्त्तव्यों के निवर्हन हेतु प्रेरित किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में 1971 की विजय को महत्त्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के शौर्य और बलिदान को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि हम उनके सदैव आभारी हैं। प्रो. सुनील कुमार ने इस मौके पर देश के प्रति कर्त्तव्यों का उल्लेख करते हुए सभी सहभागियों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नंद किशोर, डॉ. ए.पी. शर्मा, डॉ. रेनु यादव, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. आरती यादव, डॉ. शाहजहां सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 17-12-2022**

# बलिदानियों के बलिदान को कभी न भूलें

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में विजय दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्यावीरता स्थल पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया।



विद्या वीरता स्थल पर सेना के बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते अध्यापक ● सौ. प्रवक्ता

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणाम स्वरूप ही बांग्लादेश बना। उन्होंने इस जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के बलिदान का याद किया और नमन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि हम बलिदानियों के सदैव आभारी हैं। प्रो. सुनील कुमार ने देश के प्रति कर्त्तव्यों का उल्लेख करते हुए सभी सहभागियों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। बलिदानियों के बलिदान को कभी न भूलें इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नंद किशोर, डा. एपी शर्मा, डा. रेनु सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 17-12-2022**

## हरियाणा केंद्रीय विवि में मनाया विजय दिवस

**महेंद्रगढ़।** 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विजय दिवस मनाया गया। विवि के शैक्षणिक खंड तीन में स्थित विद्यावीरता स्थल पर विवि की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से शहीद सैनिकों को याद किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 16-12-2022**

# वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया याद

महेंद्रगढ़, 16 दिसम्बर (स.ह., मोहन): 16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान पर मिली विजय की वर्षगांठ उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विजय दिवस मनाया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 3 में स्थित विद्या वीरता स्थल पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया और विद्यार्थियों व शोधार्थियों को देश हित में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया।

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में 1971 की विजय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई इस निर्णायक जंग के परिणामस्वरूप ही बंगलादेश बना।

उन्होंने इस जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के बलिदान का याद किया और नमन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सेना के शौर्य और बलिदान को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि हम उनके सदैव आभारी हैं। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नंद किशोर, डॉ. ए.पी. शर्मा, डॉ. रेनु यादव, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. आरती आदि सहित विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



*विद्या वीरता स्थल पर सेना के वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करती प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व अन्य।*